# फुटपाथ पर पटवारी संघ, काला कपड़ा पहन जताया विरोध

## प्रमोशन सहित विभिन्न मांगों को लेकर पटवारी संघ का विरोध, कलेक्टोरेट के सामने बनाई मानव श्रृंखला




नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में गुरुवार को सतना कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया.**

काले वस्त्र पहनकर बड़ी संख्या में एकत्र हुए पटवारियों ने फुटपाथ पर मानव श्रृंखला बनाकर शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया.प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, जिसमें पटवारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया. प्रदर्शन के दौरान पटवारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में लंबे समय से लंबित पदोन्नति (प्रमोशन) को शीघ्र लागू करना शामिल है.इसके अलावा सेवा संबंधी अन्य लंबित मांगों के निराकरण, विभागीय व्यवस्थाओं में सुधार तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई.प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वर्षों से पदोन्नति नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में पटवारी एक ही पद पर कार्य करने को मजबूर हैं, जिससे उनमें निराशा और असंतोष बढ़ता जा रहा है. पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी मांगों को लेकर कई बार शासन और प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया. इसके चलते कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है.उन्होंने कहा कि सरकार यदि समय रहते उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेती है तो आंदोलन समाप्त किया जा सकता है. संघ ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य शासन का विरोध करना नहीं, बल्कि अपनी जायज मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है. इसी उद्देश्य से काले कपड़े पहनकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया गया और मानव श्रृंखला बनाकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया गया.

पटवारी संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पदोन्नति सहित अन्य लंबित मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी.

### अधिकारों की अवहेलना : बृजेश



म.प्र. पटवारी संघ प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष, बृजेश निगम हम कोई विरोध नहीं कर रहे हैं, हम शासन का समर्थन ही कर रहे हैं .शासन ने मध्य प्रदेश के समस्त कर्मचारियों के प्रमोशन के आदेश दिए हैं, लेकिन उसमें पटवारी का प्रमोशन छूट गया है .हम चाहते हैं कि पटवारियों का भी प्रमोशन हो जाए . पटवारियों का समय पर प्रमोशन हो, पदानुसार क्रमोन्नति मिले, कैडर रिव्यू लागू हो और नायब तहसीलदार की परीक्षा आयोजित की जाए .

# सफाई और मेंटीनेंस के दावों की खुली पोल

## वार्ड -5 में नलों से आ रहा गंदा पानी

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का दावा करने वाले नगर निगम के दावों की धरातल पर हवा निकल रही है.**

वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की ओवरहॉलिंग और पानी की टंकियों की सफाई के बड़े-बड़े अभियानों के बावजूद वार्ड क्रमांक 5 के रहवासी दूषित जल पीने को मजबूर हैं. लाखों खर्च कर टंकियां दुरुस्त करने का दावा किया गया लेकिन स्थानीय नागरिकों के घरों तक अब भी बदबूदार और गंदा पानी ही पहुंच रहा है. सफाई के दावों के बाद भी समस्या जस की तस बने रहने से निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. रहवासियों का कहना है कि यदि प्लांट और टंकियां वाकई साफ हैं, तो



खराबी वितरण व्यवस्था में है. क्षेत्र में बिछी मुख्य पाइपलाइनों में लीकेज, नालों के भीतर से गुजरते क्षतिग्रस्त पाइप या क्रास-कनेक्शन के कारण दूषित पानी नलों तक खींच रहा है. निगम का अमला कागजी फाइलों में मेंटेनेंस पूरा दिखाकर इतिश्री कर रहा है, जबकि धरातल पर व्यवस्था ठप है.

वार्ड वासियों का स्पष्ट कहना है कि दफ्तर में बैठकर शिकायत बंद करने के बजाय जिम्मेदार अधिकारी वार्ड 5 की पाइपलाइन और सप्लाई नेटवर्क की जांच करें. स्वच्छ पेयजल नागरिकों का बुनियादी अधिकार है.

# स्कूल की छत पर हाईटेंशन लाइन से झुलसा छात्र

## सीएचसी मझगवां में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. जिले के मझगवां ब्लॉक स्थित संदीपनी विद्यालय में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। स्कूल की छत पर खेलते समय कक्षा 7वीं का छात्र चंदन प्रजापति ( 14 ) हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे छात्र को मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) में भर्ती कराया गया है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर में खेलते-खेलते छात्र स्कूल की छत पर पहुंच गया। इसी दौरान वह छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्कूल के चौकीदार और शिक्षकों ने उसे तुरंत नीचे उतारकर मझगवां सीएचसी पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद स्कूल परिसर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को लेकर अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने चिंता जताई। उनका कहना है कि स्कूल के ऊपर से बिजली लाइन गुजरना बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा है। इसे पहले ही हटाया जाना चाहिए था।

### बीईओ और प्राचार्य को नोटिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह ने बीईओ रामविश्वास साकेत और संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र उपाध्याय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आज

**सतना 6 अगस्त.** मप्र पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन शुक्रवार को एकेएस विश्वविद्यालय में किया जाएगा. प्रतियोगिता में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा नौवीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे. प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा. जबकि लिखित परीक्षा प्रात: 19 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शीर्ष 6 टीमों को अगले चरण में ऑडियो वीडियो राउण्ड से गुजरना होगा.

# अमकुई हत्याकाण्ड : दोस्त ही निकला दोस्त का हत्यारा

## नागौद पुलिस ने किया खुलासा

नवभारत न्यूज

**सतना 6 अगस्त. जिले के जसो थाना क्षेत्र अंतर्गम ग्राम अमकुई में लापता युवक की लाश मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर जबरदस्त जनाक्रोश देखने को मिला था. उक्त हत्याकाण्ड का खुलासा पुलिस ने गुरुवार को कर दिया. पुलिस के अनुसार दोस्त ने ही दोस्त की हत्या कर दी थी.**

नागौद थाना प्रभारी मनोज सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 अगस्त को अमकुई गांव में स्कूल के पीछे भठिया में एक शव



पड़ा मिला था. जिसकी पहचान अतुल कुशवाहा पिता रामकेश उम्र 21 वर्ष निवासी अमकुई के तौर पर हुई थी. अतुल 1 अगस्त की रात अपनी दुकान बंद करके निकला था. लेकिन फिर वापस घर नहीं लौटा. अगले दिन परिजनों द्वारा गुमशुदगी की शिकायत की गई थी. 4 अगस्त को शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला घोंटकर हत्या किए जाने के तौर पर सामने आया. जिसके आधार पर पुलिस द्वारा संदेही युवक सुधीर नामदेव उर्फ श्यामू पिता संजूलाल उम्र 19 वर्ष निवासी अमकुई को हिरसत में लेकर पूछताछ की. सुधीर ने पुलिस को बताया कि 1 अगस्त की रात वह अतुल को बाइक पर बैठाकर फुल्की खिलाने के बहाने ले गया था. भठिया क्षेत्र में ले जाकर जीआई तार से गला घोंटकर उसने अतुल की हत्या कर दी. सुधीर ने पुलिस को बताया कि हत्या के नीछे उसकी अतुल के साथ पुरानी रंजिश ही प्रमुख वजह थी.

# औद्योगिक क्षेत्र मटेहना में विद्युत कंपनी और उद्यमियों की समन्वय बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. मटेहना औद्योगिक क्षेत्र में जिला उद्योग संघ एवं लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में औद्योगिक उपभोक्ताओं और विद्युत कंपनी के बीच समन्वय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.**



मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड,वृत्त के अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्योगपतियों की बिजली संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और आपसी सामंजस्य को मजबूत बनाना था. बैठक में विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने औद्योगिक उपभोक्ताओं को कंपनी की नवीनतम योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी.साथ ही उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके तत्काल समाधान का आश्वासन दिया. अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह ने कहा कि उद्योगों को बिना किसी बाधा के गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति देना कंपनी की प्राथमिकता है. उन्होंने उद्यमियों द्वारा दिए गए कीमती सुझावों को ध्यान में रखते हुए कार्यप्रणाली में सुधार और समन्वय बढ़ाने की बात कही.

इस अवसर पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से कार्यपालन अभियंता मृगेंद्र सिंह चंदेल एवं सहायक अभियंता कुलदीप मिश्र विशेष रूप से उपस्थित रहे.वहीं औद्योगिक संगठनों का नेतृत्व करते हुए जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष मनविंदर ओबेरॉय एवं लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष नीतेश बड़ेरिया ने उद्यमियों की बात प्रमुखता से रखी.

# अवयस्क से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सतना 6 अगस्त.** अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को रामपुर बघेलान थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया. थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के अनुसार फरियादिया द्वारा इस बात की शिकायत की गई थी कि उसके माता पिता रिश्तेदारी में गए हुए थे. रात के लगभग 8 बजे जैसे ही वह अपने घर के बाहर निकली उसका पड़ोसी अतुल प्रजापति पिता सुदर्शन उम्र 30 वर्ष वहां आ धमका. अतुल ने बालिका को डरा धमकाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया.

# घुनवारा विद्युत सबस्टेशन में घुसकर कर्मचारी से मारपीट

▶ सरपंच पति समेत चार पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**मैहर, 6 अगस्त. जिले के अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनवारा विद्युत सबस्टेशन में देर रात दबंगों ने उपकेंद्र में घुसकर ड्यूटी पर तैनात बिजली कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की.**

घटना की वजह बिजली आपूर्ति बाधित होना बताई जा रही है. पुलिस ने पीड़ित कर्मचारी की शिकायत पर घुनवारा सरपंच पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं में



मामला दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार, घटना देर रात उस समय हुई जब सबस्टेशन में ऑपरेटर शारदा सोनी अपनी ड्यूटी पर तैनात थे. इसी दौरान इलाके की बिजली बंद होने से आक्रोशित घुनवारा सरपंच पति ओम साहू अपने तीन अन्य साथियों के साथ जबरन सबस्टेशन परिसर में जा घुसे. बिजली कटौती को लेकर उनका ऑपरेटर से विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया.दबंगों ने ऑपरेटर शारदा सोनी की बेहमी से पिटाई कर दी और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की. घटना के बाद पीड़ित कर्मचारी ने अमदरा थाना पहुंचकर आपबीती सुनाई और पुलिस को शिकायती आवेदन दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए अमदरा पुलिस ने आरोपी सरपंच पति ओम साहू और उसके तीन अन्य साथियों के विरुद्ध [illegible] की धारा 226(ड्ड), 332(ष), 221, 121(1), 132, 324(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीकृत कर लिया है.

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. सामने से आ रही गाड़ी की तेज रोशनी कभी कभी कितनी बड़ी दुर्घटनाका कारण बन सकती है इसकी एक बानगी सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सेमरी मोड़ पर गुरुवार शाम देखने को मिली। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में उचेहरा निवासी कारोबारी रमेश ताम्रकार और उनका चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि रमेश ताम्रकार कार क्रमांक एमपी-19-सीए-8094 से उचेहरा से सतना आ रहे थे। सेमरी मोड़ के पास सामने से आ रहे वाहन की तेज हेडलाइट और अपर-डिपर नहीं मिलने से चालक का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। राहगीरों ने घटना की सूचना डायल-112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# बस ऑपरेटर की अनिश्चितकालीन हड़ताल कल से

नवभारत न्यूज

**सतना, 06 अगस्त. बस ओनर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए 8 अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना दी है।**



संगठन ने बताया कि 26 जुलाई 2026 को सागर में आयोजित प्रांतीय बैठक में प्रदेश के सभी 55 जिलों के बस ऑपरेटर संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। एसोसिएशन का आरोप है कि मध्यप्रदेश शासन और परिवहन विभाग द्वारा बस ऑपरेटरों की लंबे समय से लंबित मांगों का आज तक निराकरण नहीं किया गया है। इससे प्रदेशभर के बस संचालक शासन की नीतियों से असंतुष्ट हैं और लगातार आर्थिक बोझ झेल रहे हैं। इसी कारण प्रांतीय इकाई के निर्णय के अनुरूप जिले के बस ऑपरेटर भी 8 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होंगे।

बस ऑपरेटरों की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री की नई परिवहन नीति को निरस्त करना, बस मार्गों के राष्ट्रीयकरण पर रोक लगाना, अंतर्राज्यीय परमिट फिर से शुरू करना, बसों की आयु सीमा 15 वर्ष से बढ़ाकर 20 वर्ष करना, नई बसों के पंजीयन की प्रक्रिया में संशोधन तथा यात्री किराए में वृद्धि शामिल हैं।

## एक नजर में



### पन्नीलाल चौक में होगी श्री शिव महाआरती

**सतना।** सावन माह के पावन दूसरे सोमवार के अवसर पर 10 अगस्त को पन्नीलाल चौक में भव्य श्री शिव महाआरती का आयोजन किया जाएगा। पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सर्व समाज की महिलाओं ( माताओं, बहनों एवं बेटियों ) की विशेष सहभागिता रहेगी।

### राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकी

**सतना।** सावन मास के पावन अवसर पर श्री रामानुज वैष्णव मंडल द्वारा भरहुत नगर स्थित कश्यप मैरिज हॉल में व्यंकटेश झूलनोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सावन में झूला डाला, सावन की देखो बदरिया और श्याम झूले जैसे मधुर भजनों की स्वर लहरियों के बीच भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की मनोहारी झूलन झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर झूला झुलाया और भजन-कीर्तन में सहभागिता की।

### अतुलितबल धामं में मानस कल से



**सतना।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अतुलित बालधामा मंदिर माधवगढ़ में दो दिवसीय आयोजन 8 अगस्त से प्रारंभ होगा. यह जानकारी देते हुए आयोजक मंडल के पुष्पेन्द्र सिंह, श्रीकांत पांडे ने बताया कि 8 अगस्त को मानस और 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जाएगा .स्थानीय सुधिजनो से आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है.

### स्थापना दिवस पर निकलेगी शोभा यात्रा

**सतना।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल सतना नगर की बैठक श्री राम एकेडमी सेमरिया रोड में संपन्न हुई जिसमे आगामी 4 सितबर को विश्व हिंदू परिषद् के 62 वे स्थापना दिवस एव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल प्रखंड स्तर तक ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन करेगा जिसकी योजना बैठक एवं संगठनात्मक योजनाओं पर चर्चा हुई ।

### जन विश्वास अभियान का शुभारंभ नागौद से आज

**सतना .**मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का संचालन 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। सतना जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त को नागौद जनपद पंचायत से किया जायेगा। इस अभियान के लिए जिला स्तर के विभाग प्रमुख अधिकारी एक बस में बैठकर कलेक्ट्रेट परिसर से प्रात: 10 बजे नागौद के लिए रवाना होंगे।

# नालियों का अतिक्रमण हटाकर सफाई की मांग

**सतना 6 अगस्त.** शहर के सुभाष चौक पुरानी गल्ला मण्डी से लेकर मांस मण्डी टिकुरिया टोला तक नालियों को अतिक्रमण मुक्त करते हुए उनकी साफ-सफाई सुनिश्चत की जाए. सुभाष चौक निवास 73 वर्षीय वृद्ध द्वारा पिछले 2 महीने से नगर निगम से लेकर जिला कलेक्टोरेट तक आवेदन देते हुए नालियों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनकी सफाई सुनिश्चत कराने की फरियाद की जा रही है.

# छात्रसंघ चुनाव बहाल होना युवाओं की लोकतांत्रिक जीत : दिनेश

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. मध्य प्रदेश में करीब नौ वर्ष बाद विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने के राज्य सरकार के निर्णय का शासकीय स्वशासी महाविद्यालय, सतना के पूर्व छात्रसंघ कला परिषद सचिव एवं पूर्व छात्र नेता अधिवक्ता दिनेश सिंह तिवारी मुन्नू ने स्वागत किया है।**

उन्होंने जारी बयान में कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल प्रतिनिधियों के



चुनाव तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संगठन कौशल विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। लंबे समय से चुनाव नहीं होने के कारण छात्र नेतृत्व का स्वाभाविक विकास प्रभावित हुआ था। तिवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर की सख्ती के बाद राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सितंबर माह के दौरान छात्रसंघ चुनाव कराने का निर्णय विद्यार्थियों की लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति है। इससे महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में लोकतांत्रिक परंपराओं को नई मजबूती मिलेगी तथा विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं और सुझावों को संस्थागत रूप से रखने का अवसर मिलेगा।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान से योजनाओं की होगी जमीनी पड़ताल

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. सांसद गणेश सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा 7 अगस्त से 8 जनवरी तक पूरे मध्यप्रदेश में शुरू किए जा रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का स्वागत करते हुए इसे जनता और शासन के बीच विश्वास को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया है।**

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान केवल योजनाओं की समीक्षा तक सीमित न रहकर उनके वास्तविक क्रियान्वयन का आकलन करेगा, जिससे व्यवस्था की कमियों को दूर कर आमजन को बेहतर लाभ दिलाया जा सकेगा। जारी बयान में सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे और यदि कहीं भी लापरवाही, अनियमितता या क्रियान्वयन में कमी है तो उसे समय रहते चिन्हित कर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव




और शहर-शहर जाकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत होगा। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि इससे पहले भी इस प्रकार के अभियान चलाए गए थे, लेकिन कई स्थानों पर वे केवल औपचारिकता बनकर रह गए और व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इस बार यदि सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तो अभियान के सकारात्मक और दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे निर्धारित कार्यक्रमों के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से मौजूद रहें, जनता की समस्याएं सुनें और उनके समाधान में प्रशासन का सहयोग करें। इससे अभियान की पारदर्शिता बढ़ेगी.

# महापौर ने नारायण मुक्तिधाम का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. नगर निगम महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने आज नारायण मुक्तिधाम का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में स्वच्छता, साफ़-सफ़ाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।**



महापौर श्री ताम्रकार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुक्तिधाम में आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था को सुचारु रखने तथा आवश्यक सुधार कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नारायण मुक्तिधाम जैसी सार्वजनिक एवं संवेदनशील जगहों पर सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, ताकि नागरिकों को सम्मानजनक एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सके।

CMYK